भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 15 फरवरी , 2023

प्रेस विज्ञप्ति

बीडीएल ने सरकार को अंतिम लाभांश का भुगतान किया



बीडीएल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रु.10/- के प्रत्येक ईक्विटी शेयर पर रु. 8.15 के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है जिसकी कुल राशि रु. 149.3742 हुई है। कपंनी द्वारा घोषित यह अंतिम लाभांश रु.183.2813 करोड़ की शेयर पूँजी का 81.50 % है।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल ने बी डी एल में भारत सरकार की शेयरधारिता से संबंधित रु. 111.9203 करोड़ का चेक रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को आज नई दिल्ली में प्रदान किया।

इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय से श्री गिरिधर अरमाणे, सचिव (रक्षा उत्पादन) एवं श्री टी नटराजन, अपर सचिव (रक्षा उत्पादन) और बीडीएल से नूका श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त) उपस्थित रहे।

रक्षा मंत्रालयाधीन सार्वजनिक उद्यम बीडीएल के पास अभी रु. 13,600 करोड के कार्यादेश प्राप्त हैं। कंपनी को आगे और भी आदेश मिलने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय के कई स्तरों पर ये अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

अपनी कंपनी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भी अपने उत्पादों को निर्यात करने की क्षमता रखता है। अस्त्र प्रणाली के विश्वास्तरीय निर्यातक बनने के लिए तैयार है।

बीडीएल, अपने देशी एवं विदेशी ग्राहकों के कार्यादिशों को निर्धारित समय पर पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमताओं को सुदृढ बनाया है। वर्तमान सुविधाओं के आधुनिकीकरण के चलते सशस्त्र सेनाओं को आगामी अस्त्रों का निर्यात करने के लिए तैयार है।

हाल ही में बेंगलूरू में आयोजित एयरो इंडिया – 2023 के दौरान वर्तमान उत्पादों के अलावा तीन नये उत्पादों का अनावरण किया इनमें – "वर्टिकल लॉचड – शॉर्ट – रेंज – सर्फेस टू एयर मिसाइल', 'बी एम पी – II के लिए सेमी – एक्टिव लेज़र सीकर होमिंग एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' और ड्रोन डेलिवर्ड मिसाइल' (जे आई एस एच एन यू) शामिल हैं। एयरो इंडिया – 2023 के दौरान बीडीएल ने कई विदेशी और भारतीय संगठनों के साथ अनुबंध ज्ञापन प्रलेख (एम ओ यू) कार्यान्वित किया है, जिससे कंपनी के विकास के लिए भविष्य में और भी अवसर मिलेंगे।

---XXX---